दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू
सत्र : 2019 – 2020
अभ्यास प्रश्न–पत्र –2

कक्षा : नवमीं

पाठ्यक्रम : एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा, रहीम के दोहे

व्याकरण : वर्ण–विचार, 'र' के विभिन्न रूप, उपसर्ग–प्रत्यय (पाठ के आधार पर), संधि (स्वर संधि), अपठित गद्यंश व पद्यांश, चित्र वर्णन, विज्ञापन लेखन।

प्रश्न–1) अपठित–काव्यांश

और पैरों के तले है एक पोखर
उठ रही इसमें लहरियाँ;
नील जील में जो उगी है घास भूरी,
ले रही वह भी लहरियाँ।
एक चाँदी का बड़ा–सा गोल खंभा,
आँख को है चमकाता।
है कई पत्थर किनारे,
पी रहे चुपचाप पानी।
प्यास जाने कब बुझेगी।
चुप खड़ा बगुला,
डुबाए टाँग जल में,
देखते ही मीन चंचल–
ध्यान–निद्रा त्यागता है,
चट दबाकर चोंच में–
नीचे गले के डालता है।

क) पोखर की घास लहरियाँ लेती हुई क्यों प्रतीत हो रही थीं?
ख) कवि को किसकी प्यास बुझाने के बारे में संदेह है और क्यों?
ग) बगुले की ध्यान–निद्रा कब टूटती है और क्यों?
घ) (i) चंद्रमा के प्रतिबिंब का चित्रण किस प्रकार किया गया है?

(ii) प्रस्तुत काव्यांश का शीर्षक लिखिए।

प्रश्न–2) पैसा ही सुख–दुख मनाने का अधिकार है। कैसे? पाठ 'दुख का अधिकार' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–3) पर्वतारोही दल में किसने बिना ऑक्सीजन के चढ़ाई की?

प्रश्न–4) 'लेखिका खतरों को सामने देखकर भी एवरेस्ट पर क्यों जाना चाहती थी?

प्रश्न–5) रैदास ने तत्कालीन समाज की क्या विषमता बताई है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–6) जल, पंक और समुद्र के उदाहरण से कवि किस सामाजिक सत्य को उजागर करना चाहता है?

प्रश्न–7) रहीम के दोहों की क्या विशेषताएँ हैं? क्या ये आज भी प्रासंगिक है?

प्रश्न–8) गिल्लू पाठ के द्वारा लेखिका क्या संदेश देना चाहती है?

प्रश्न–9) (i) उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए

क) अतिक्रमण ख) अवमानता

(ii) मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए –

क) कठिनतम ख) आनंदित

प्रश्न–10) (i) निम्नलिखित शब्दों का वर्णन–विच्छेद कीजिए :–

कृषक, अनूठी, द्रवित

(ii) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए

मण्डल, मन्त्री, सन्सर्ग, कम्पन

(iii) उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कीजिए –

लड़किया, सभाए, चादनी, वहा

प्रश्न–11) (i) निम्नलिखित शब्दों में संधि–विच्छेद कीजिए–

दिव्यात्मा, पराधीन, साधून्नति, रजनीश

(ii) निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए –

भू + ऊर्जा, वधू + उपकार, नारी + इच्छा

प्रश्न–12) अपने विद्यालय के विषय में अपनी बहन को बताते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न–13) 'स्वच्छ भारत अभियान' का विज्ञापन तैयार कीजिए।